समाचार

# '' प्लास्टिक फ्री कोरबा '' पर ठोस कार्ययोजना के साथ करें कार्य–आयुक्त

## (आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक, कोरबा को प्लास्टिक मुक्त बनाने, साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने, सड़कों पर डम्प निर्माण सामग्री हटवाने, सघन वृक्षारोपण, मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग पर दिया विशेष जोर)



**कोरबा** –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने अधिकारियों से कहा है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को रोकने हेतु ''प्लास्टिक फ्री कोरबा'' का सघन अभियान चलाएं, इस हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करें तथा उस पर अमल करें। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दें, सड़कों पर डम्प की गई निर्माण सामग्री को हटवाएं तथा अर्थदण्ड लगाएं, वृक्षारोपण की तैयारियों को अंतिम रूप दें, मास्क का अनिवार्य उपयोग व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

आयुक्त श्री शर्मा ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होने निगम से संबंधित विविध कार्यो की समीक्षा करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को रोकने, इस हेतु लोगो को जागरूक करने आदि की दिशा में ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग, जहां एक ओर हम सबके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, वहीं दूसरी ओर नगर की साफ–सफाई व्यवस्था व पर्यावरण पर गहरा प्रतिकूल प्रभाव डालता है, अतः दुकानों, प्रतिष्ठानों, जलपानगृहों, समारोहों, कार्यक्रमों में प्रतिबंधित प्लास्टिक, डिस्पोजल का उपयोग न किया जाए, इस दिशा में जनजागरूकता लाते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

<u>स्वच्छता कार्यो पर विशेष ध्यान दें</u>– आयुक्त श्री शर्मा ने निगम के स्वच्छता विभाग से जुड़े अधिकारियों, निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर के साफ–सफाई कार्यो में विशेष ध्यान दें, जिम्मेदार अधिकारी कार्यो की स्वयं नियमित मानीटरिंग करें। उन्होने कहा कि स्वच्छता एजेंसियां निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्य कर रही है या नहीं इस पर कड़ी नजर रखें, यदि निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा तो अर्थदण्ड लगाएं तथा कड़ी हिदायत दें। उन्होने कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, अतः नाले–नालियों की सफाई पर विशेष नजर रखें, नियमित सफाई कार्यो के दौरान एकत्रित अपशिष्ट का तुरंत उठाव व परिवहन हों, यह सुनिश्चित करें। डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए तथा एस.एल.आर.एम.

सेंटरों की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त रखते हुए कचरे का उचित प्रबंधन हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

**सड़कों पर डम्प निर्माण सामग्री पर कार्यवाही करें**– आयुक्त श्री शर्मा ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि भ्रमण को दौरान यह देखा गया है कि विभिन्न सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री डम्प की गई है, जिससे एक ओर जहां आवागमन प्रभावित होता है, आमजन को अनावश्यक परेशानी होती है, वहीं दूसरी ओर सड़कों पर निर्माण सामग्री डम्प किए जाने से सड़कें भी खराब होती हैं, अतः सड़कों पर निर्माण सामग्री डम्प करने वालों पर अर्थदण्ड लगाएं, निर्माण सामग्री को हटवाएं, यदि संबंधितों के द्वारा इसमें अवरोध उपस्थित किया जाता है या निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है तो निर्माण सामग्री को जप्त करने की कार्यवाही भी करें।

**मास्क के उपयोग व सोशल डिस्टेंसिंग पर नजर रखें**– बैठक के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि कोरोना का खतरा कम अवश्य हुआ है किन्तु टला नहीं है, अतः अभी भी पूरी सावधानी की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि लोग घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, दुकानों, प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक स्थानों आदि में सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए, इस दिशा में कार्यवाही करें, लोगों को लगातार जागरूक करें तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अर्थदण्ड लगाएं।

**वैक्सीनेशन हेतु लगातार प्रेरित करें**– आयुक्त श्री शर्मा ने कहा कि कोरोना संक्रमण से सुरक्षा हेतु वैक्सीनेशन अंतिम उपाय है, अतः वैक्सीन लगवाने हेतु लोगों को निरंतर प्रेरित व प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि निगम के डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य में संलग्न स्वच्छता दीदियॉं कचरे के संग्रहण हेतु घर–घर पहुंचती है, उनके माध्यम से लोगों तक वैक्सीनेशन का संदेश पहुंचवाएं। स्वच्छता दीदियॉं घर–घर जाकर लोगों से वैक्सीन लगवाने के लिए आग्रह करें।

**वृक्षारोपण का कार्य प्रारंभ कराएं**– आयुक्त श्री शर्मा ने निगम के उद्यान अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम द्वारा सघन वृक्षारोपण कार्य किया जाना हैं, इसकी एक सुनियोजित कार्ययोजना को अंतिम रूप देते हुए कोविड के नियमों के पालन के साथ'' वृक्षारोपण उत्सव '' कार्यक्रम आयोजित कर वृक्षारोपण की शुरूआत कराएं। उन्होने कहा कि केवल पौधों का रोपण ही काफी नहीं है, उनका संरक्षण एवं संवर्धन भी हों, इस हेतु ठोस कार्ययोजना के साथ कार्यवाही संपादित कराएं।

बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, विवेक रिछारिया, पीयूष राजपूत, अनिरूद्ध सिंह, सुमित गुप्ता, गोयल सिंह विमल, विनोद नेताम, गौरव सिंह आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।